देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 20 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**काँच की छत है तो टूटेगी ही



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 19 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 36.0° न्यूनतम 22.0°

39243.38

2 अफगानिस्तान के पास है गजब की तकनीक

7 किलर से योगी हुए मिलर

# उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड जल्द

## सीएम ने कॉमन सिविल कोड, पर्यटन, शिक्षा सहित राज्य के विकास का खाका खींचा

**संवाददाता**

काशीपुर। दिल्ली से लौटे सीएम धामी सोमवार को अलग अंदाज में नजर आए। काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कॉमन सिविल कोड, पर्यटन, शिक्षा सहित राज्य के विकास का खाका खींचा। उत्तराखंड को एक मॉडल प्रदेश में कैसे विकसित करना, सरकारी कामकाज में सरलीकरण व भ्रष्टाचार पर लगाम जैसी बातों से धामी पर दिल्ली बैठक का असर साफ तौर पर नजर आ रहा था। काशीपुर के बासखेड़ा में प्राथमिक स्कूल के रूपांतरण कार्यक्रम में पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार सरलीकरण के मंत्र पर काम करेगी। सरलीकरण, समाधान और निस्तारणीकरण पर ध्यान देना है।

सीएम ने एक बार फिर यूनिफार्म सिविल कोड के लागू होने को लेकर कहा कि कैबिनेट मीटिंग ने बड़ा फैसला लिया है। चुनाव के दौरान लिए वादे को निभाने के लिए पहली बैठक में ही इसे लागू करने का फैसला किया है। इसी के अंतर्गत एक कमेटी बनाई है जो कॉमन सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अपने कमेटी जो बना रहे हैं, उसमें विधि के जानकार होंगे और यह ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। इस ड्राफ्ट को विधि विभाग द्वारा जांच की जाएगी। मेरा अन्य राज्यों से भी निवेदन है कि वह भी इस कानून को अपने–अपने राज्यों में लागू करें। इससे देश, राज्य व समाज का भला होगा।

**आने वाला दशक उत्तराखंड का**

पीएम मोदी का कहना है कि आने वाला दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड हर क्षेत्र में आगे जाएगा। 2025 में राज्य रजत जयंती के वर्ष पर हम भारत के सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेंगे। यह यात्रा कोई निजी यात्रा नहीं है यह हम सभी की यात्रा है कि हम सभी मिलकर यह प्रयास करें कि हर क्षेत्र में उत्तराखंड को आगे बढ़ाएं।



### युवाओं पर सरकार का फोकस

हमारा लक्ष्य है तो बच्चों का यह स्वर्णीम समय में हम बेहतर से बेहतर सुविधा दे सके। हमने बच्चों के लिए खेल नीति के लेकर आए है युवाओं को बेहतर अवसर बन सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है इसमें बच्चों में अगर योग्यता है और किसी खेल में जाता है तो उसे पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा। उनके रहने, खाने और आने जाने का व्यवस्था सरकार करेगी।

**सरकारी कामकाज सरल भ्रष्टाचार पर लगामः** सरकारी जटिल प्रक्रियाओं को आसान करने के लिए सरकार काम करेगी। इसमें भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म करेंगे। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता व इस पर अंकुश के लिए 1064 का नंबर शुरू किया है।

**शिक्षा पर विशेष ध्यानः** शिक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि जिले के 256 प्राथमिक विद्यालयों का रूपांतरण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आप लोगों से अलग नहीं है कंधे से कंधा मिलाकर ही हम बदलाव ला सकते हैं। काशीपुर में बहल पेपर मिल की तरफ से सात विद्यालयों का रूपांतरण किया गया है। काशीपुर के रूपांतरण कार्यक्रम के तहत बने स्कूल मॉडल के रूप में काम करेगा। धामी ने कहा–यह आप की सरकार है समाज में बदलाव लाने के लिए सभी का साथ जरूरी है। हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड में पढ़ने वाले सभी बच्चों को हर मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

### उत्तरखंड में आएंगे रिकार्ड पर्यटक

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार पर्यटन के लिहाज से नए कीर्तिमान हासिल होने वाले हैं। चारधाम यात्रा मई के पहले सप्ताह से शुरू हो रहे हैं। आलम यह है कि कई पर्यटक स्थलों पर होटलों की बुकिंग अगले दो माह तक फुल हो चुका है। दो साल कोविड के चलते यह उद्योग प्रभावित रहा है लेकिन इस बार कोई व्यवधान नहीं है सरकार की तरफ से सभी प्रकार से पानी, सड़क और बिजली की निर्वाध आपूर्ति पर फोकस करेंगे। यूपी से आने वाली मुरादबाद सड़क को बेहतर बनाने के लिए बात की जाएगी।

**परीक्षा पर चर्चा का उल्लेख**

शिक्षा को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी कितने संवेदनशील है परीक्षा संवाद के दौरान देखने को मिला। जिस सरलता से उन्होंने बच्चों से परीक्षा पर उससे बच्चों के मन से परीक्षा का डर निकल गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तमंचे से फायरिंग करने वाला आरोपी सोनू शेख अरेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बाद जहांगीरपुरी में सोमवार को भी अजीब से शांति रही। इलाके में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। बाजार खुले हैं, लेकिन ज्यादातर लोग घरों में ही कैद हैं। दिल्ली पुलिस ने रविवार को हिंसा की जांच तेज की। 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो नाबालिग भी पकड़े गए हैं। हिंसा की जांच क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दी गई है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने दून में किया ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य से पूर्व उत्तराखंड इस उपलब्धि को हासिल कर देगा। इसके लिए प्रदेशभर में बड़े स्तर पर जन जागरुता अभियान संचालित कर टीबी के मरीजों को चिन्हित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये गये हैं।

# भारत में कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार!

## चौथी लहर की आशंका, केंद्र सरकार ने राज्यों को किया अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस फिर रफ्तार पकड़ता दिख रहा है। बीते 24 घंटे में कोरोना के मामलों में बड़ा उछाल देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के मामलों को लेकर अपडेट जारी किया है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 2,183 नए मामले सामने आए हैं।

बता दें कि एक ही दिन में देश में कोरोना के मामलों में करीब 90 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 17 अप्रैल को कोरोना के 1150 मामले दर्ज किए गए थे। इसी बीच, आईसीएमआर ने बताया कि भारत में कल कोरोना वायरस के लिए 2,61,440 सैंपल टेस्ट किए गए हैं। कल यानी 17 अप्रैल तक कुल 83,21,04,846 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

**11,500 के पार एक्टिव केस** मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के 1985 मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस अब 11,542 हो गए हैं। साथ ही मृतकों की संख्या में भी बड़ा इजाफा देखने को मिला है। इस दौरान 214 लोगों की मौत भी हुई है। देश में अब तक कोरोना के कारण 5,21,965 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक कुल 4,30,44,280 मामले सामने आ चुके हैं जबकि 4,25,10,773 मरीज रिकवर हो चुके हैं।

**एक महीने बाद दो हजार से ज्यादा मामलेः** गौरतलब है एक महीने बाद कोरोना के नए मामले दो हजार से ज्यादा दर्ज किए गए हैं। आखिरी बार दो हजार से ज्यादा केस 18 अप्रैल को सामने आए थे। उस दिन कोरोना के 2075 केस सामने आए थे।

**डेली पाजिटिविटी दर भी बढ़ी** साथ ही डेली पाजिटिविटी दर में भी बढ़ोतरी हुई है। डेली पाजिटिविटी दर रविवार (0.31) फीसद के मुकाबले सोमवार को बढ़कर 0.83 हो गई है। जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर 0.27 फीसद से बढ़कर 0.32 फीसद हो गई है।

### नए वेरिएंट ने बढ़ाई चिंता, केंद्र ने राज्यों को किया अलर्ट

कोरोना महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। एशिया और यूरोप के कई देश कोरोना की चौथी लहर का सामना कर रहे हैं। इनमें कोरोना के नए वेरिएंट एक्सई की वजह से मामले काफी तेजी से बढ़े हैं। भारत में भी इस वेरिएंट को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सरकार ने 10 अप्रैल से 18 साल से अधिक उम्र के सभी वयस्कों के लिए कोरोना की बूस्टर डोज लगवाने की प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया है।

# लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे होंगे नए सेना प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे अगले आर्मी चीफ होंगे। सरकार ने भारतीय सेना प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। वे इस पद पह पहुंचने वाले पहले इंजीनियर अफसर हैं। मनोज मुकुंद नरवणे के बाद लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ही थलसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। मौजूदा वक्त में जनरल मनोज पांडे उप सेना प्रमुख हैं। वह जनरल नरवणे की जगह लेंगे जो इस माह के आखिर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

रक्षा अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएनआइ को बताया कि सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को अगले सेनाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। जनरल मनोज पांडे पहली मई को 29वें सेना प्रमुख के तौर पर पदभार ग्रहण करेंगे। जनरल मनोज मुकुंद नरवणे 30 अप्रैल को अपना 28 महीने का कार्यकाल पूरा करने वाले हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र पांडे को दिसंबर 1982 में कोर आफ इंजीनियर्स में कमीशन किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने जम्मू–कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ पल्लनवाला सेक्टर में आपरेशन पराक्रम के दौरान एक इंजीनियर रेजिमेंट की कमान संभाली थी। दिसंबर 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले के बाद आपरेशन पराक्रम में पश्चिमी सीमा पर सैनिकों और हथियारों की बड़े पैमाने पर तैनाती कर दी गई थी। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया था।

पिछले तीन महीनों के दौरान कुछ सैन्य अधिकारी सेवानिवृत्त हुए जिसकी वजह से लेफ्टिनेंट जनरल पांडे वरिष्ठता में शीर्ष पर आ गए। हाल ही में आर्मी ट्रेनिंग कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला, लेफ्टिनेंट जनरल सीपी मोहंती और लेफ्टिनेंट जनरल वाईके सेवानिवृत्त हुए हैं।

### नियुक्ति

■आपरेशन पराक्रम में संभाली थी जिम्मेदारी

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**
Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# यशपाल आर्य ने नेता प्रतिपक्ष का पदभार ग्रहण किया

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सोमवार को विधिवत रूप से विधानसभा भवन में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी देवेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सहित पार्टी के विधायक एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सोमवार विधिवत रूप से विधानसभा भवन में अपना पदभार ग्रहण किया। राजीव महर्षि ने बताया कि तिलक राज बेहड़ एवं राजेन्द्र सिंह भण्डारी अस्वस्थ होने के कारण पदभार ग्रहण कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के क्षेत्र में सड़क हादसा होने तथा विक्रम सिंह नेगी का पारिवारिक समारोह में व्यस्तता के चलते कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। पदभार ग्रहण के उपरान्त यशपाल आर्य ने पार्टी नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि वे उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे तथा जनहित के मुद्दों को पार्टी के सभी सम्मानित विधायकों के सहयोग से सदन में पूरी शिद्दत से उठायेंगे।

### जनता के हित की हर लड़ाई लड़ेंगेः नेता प्रतिपक्ष